उत्तराखण्ड–संस्कृत–संस्थानम् (उत्तराखण्डसर्वकारः)

(देहलीराष्ट्रियराजमार्गः) रानीपुरझालम्, ज्वालापुरम्, हरिद्वारम्–249407 (उत्तराखण्डः)

महर्षि वेदव्यास संस्कृत शोधछात्रवृत्ति योजना, 2026–27

कार्यालय ज्ञाप. (आवश्यक सूचना)

पत्रांक /2342-49/ 24 / शोधछात्रवृत्ति / शोध / उ.सं.सं. / 2026–27, दिनांक 06 नवम्बर 2026

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार) द्वारा संस्कृत के प्रचार–प्रसार एवं संस्कृत में शोधछात्रों को प्रोत्साहन दिये जाने के लिए उत्तराखण्ड प्रदेश के विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के संस्कृत विभाग में आर.डी.सी. की संस्तुति के पश्चात् पी–एच.डी हेतु पंजीकृत एवं यू.जी.सी. नेट / उत्तराखण्ड स्लेट उत्तीर्णता के आधार पर 15 शोधछात्रों को (प्रत्येक को रु.30,000 / –रूपये तीस हजार मात्र) महर्षि वेदव्यास वार्षिक संस्कृत शोधछात्रवृत्ति दिया जाना प्रस्तावित है। प्रतिस्पर्धा संवर्धन हेतु शोधछात्रों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। उक्त के लिए पूर्व में दिनांक 02.11.2026 की तिथि निर्धारित की गयी थी।

छात्रहित के दृष्टिगत उक्त तिथि को **दिनांक 21 नवम्बर 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक विस्तारित** कर शोधछात्रों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। उक्त के लिए नियमावली (नवम्बर 2026) एवं आवेदन पत्र प्रारूप संस्थानम् की बेबसाइट uksa.uk.gov.in में अंकित हैं।

अतः **इच्छुक शोधछात्र आवेदन पत्र डाउनलोड कर एवं नियमावली (नवम्बर 2026) को भलीभाँति पढ़कर कर दिनांक 21 नवम्बर 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक** संस्थानम् के शोध विभाग की ई–मेल– shodh.usa@gmail के माध्यम से आवेदन पत्र एवं वांछित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां प्रेषित करें। अपूर्ण एवं निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त सूचना को छात्रहित में ई–मेल, व्हाट्स एप, फेसबुक आदि सोशल मीडिया माध्यम से प्रेषित / प्रसारित किया जा रहा है।

संलग्नक– 1. नियमावली (नवम्बर 2026)।
2. आवेदन पत्र प्रारूप।

(प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार)
सचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव, संस्कृत शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार।
3. कुलपति / कुलसचिव, समस्त राजकीय / अशासकीय विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड, हल्द्वानी, नैनीताल।
5. निदेशक, संस्कृत शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. समस्त प्राचार्य, राजकीय / अशासकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड।
7. कार्यालय प्रति।

(प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार)
सचिव

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्

(उत्तराखण्ड सरकार)

महर्षि वेदव्यास संस्कृत शोधछात्रवृत्ति योजना 2026–27

नियमावली (नवम्बर 2026)

पत्रांक 2341 / 24 / शोधछात्रवृत्ति / शोध / उ.सं.सं. / 2026–27, दिनांक 06 नवम्बर 2026

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् द्वारा संस्कृत के प्रचार–प्रसार एवं शोधकार्य को बढ़ावा दिये जाने एवं संस्कृत शोधछात्रों के प्रोत्साहन के लिए कार्यकारिणी समिति की 40वीं बैठक दिनांक 27.07.2026 के निर्णयानुसार महर्षि वेदव्यास शोध छात्रवृत्ति दिया जाना निर्धारित है। जिस हेतु निम्नवत् नियमों का निर्धारण किया गया है–

1. उक्त के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 02.11.2026 को विस्तारित कर प्रतिभागियों से आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 21 नवम्बर 2026 की रात्रि 12:00 बजे निर्धारित कर दी गयी है।
2. महर्षि वेदव्यास शोध छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में 15 शोधछात्रों के लिए (प्रत्येक शोधछात्र को) रु.30,000/– (रूपये तीस हजार मात्र) वार्षिक शोध छात्रवृत्ति दिया जाना प्रस्तावित है।
3. शोध छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए प्रतिभागी शोधछात्र को उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के संस्कृत विभाग/ उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद, व्याकरण, साहित्य व ज्योतिष विभाग में आर.डी.सी.की संस्तुति के पश्चात् पंजीकृत/अध्ययनरत तथा यू.जी.सी. नेट/उत्तराखण्ड राज्य स्लेट परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए।
4. वार्षिक शोध छात्रवृत्ति हेतु 15 प्रतिभागी/शोधछात्रों का निम्नवत् वर्ग के अनुसार निर्धारण किया गया है–

वर्ग	सामान्य	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति	ओ.बी.सी. (NCL)	आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS)	कुल शोधछात्रवृत्ति
छात्र सं.	07	04	03	01	15

5. उक्त किसी श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी अनुपलब्ध रहने की स्थिति में उनके स्थान पर अन्य वर्ग के प्रतिभागियों का कॉमन मेरिट के आधार पर चयन किया जायेगा।
6. प्रतिभागियों का शोधछात्रवृत्ति के लिए चयन यू.जी.सी. नेट/उत्तराखण्ड राज्य स्लेट परीक्षा में उत्तीर्ण प्राप्तांक वरीयता के आधार पर किया जायेगा।
7. शोधछात्रवृत्ति के लिए वही प्रतिभागी शोधछात्र आवेदन कर सकता है, जो उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय के संस्कृत विभाग/ उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद, व्याकरण, साहित्य व ज्योतिष विभाग में आर.डी.सी. की संस्तुति के पश्चात् पंजीकृत/अध्ययनरत हो तथा यू.जी.सी. नेट/उत्तराखण्ड स्लेट परीक्षा में उत्तीर्ण हो तथा राजकीय सेवा में कार्यरत न हो तथा अन्य किसी भी संस्था (राज्य व केन्द्र सरकार) से किसी भी प्रकार की छात्रवृत्ति/मानदेय नहीं ले रहा हो।
8. उक्त के सम्बन्ध में प्रत्येक अर्ह प्रतिभागी शोधछात्र को अन्य संस्था (राज्य सरकार व केन्द्र सरकार) से छात्रवृत्ति/सहायता राशि प्राप्त न करने का रु.10/– के स्टाम्प पर शपथ पत्र छात्रवृत्ति के लिए अर्ह होने के पश्चात् देना अनिवार्य होगा।
9. पंजीकृत प्रतिभागी शोधछात्र को अध्ययनकाल में अधिकतम 03 बार ही शोधछात्रवृत्ति दी जा सकती है।

10. प्रतिभागी शोधछात्रों को आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति निम्नवत् संलग्न कर प्रेषित किया जाना अनिवार्य है–
(क) पूर्ण आवेदन पत्र। (ख) आधार पत्र। (ग) आर.डी.सी. की संस्तुति के पश्चात् पी–एच.डी. में पंजीकरण पत्र। (घ) नेट/उत्तराखण्ड राज्य स्लेट अंक पत्र व उपाधि पत्र। (ङ) हाईस्कूल के अंकपत्र (जन्मतिथि सत्यापन हेतु) (च) अनु.जाति/ अनु.जनजाति/ ओ.बी.सी.(NCL)/ आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) का लाभ लेने वाले शोधछात्रों को सम्बन्धित वर्ग का प्रमाण पत्र एवं उत्तराखण्ड के स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। उक्त दोनों प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत होने चाहिए।
11. उत्तराखण्ड राज्य स्लेट प्रमाण पत्र का लाभ लेने वाले प्रतिभागी को सक्षम स्तर का स्थाई निवास प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाना अनिवार्य होगा।
12. उक्त सभी स्तर पर वांछित नियम व प्रमाण पत्रों के बिना आवेदन पत्र अपूर्ण माना जायेगा/अस्वीकार किया जायेगा।
13. शोधछात्र वृत्ति हेतु प्रतिभागी शोधछात्र के आवेदन पत्र को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं शोधनिर्देशक द्वारा मुहर सहित संस्तुति के पश्चात् प्रेषित किया जाना अनिवार्य है। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कटिंग नहीं होनी चाहिए।
14. उक्तानुसार ईच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र एवं वांछित प्रपत्र संस्थानम् के शोध विभाग की ई– मेल shodh.usa@gmail.com पर जमा करने की अन्तिम तिथि 21.11.2026 व समय रात्रि 12:00 बजे तक प्रेषित करें। अपूर्ण एवं निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
15. शोधछात्र वृत्ति हेतु अर्ह प्रतिभागियों की सूची संस्थानम् की बेबसाइट uksa.uk.gov.in पर दिनांक 28.11.2026 तक प्रदर्शित की जा सकती है।
16. संस्थानम् द्वारा शोधछात्र वृत्ति हेतु अर्ह प्रतिभागियों को आमन्त्रित कर सम्मानपूर्वक निर्धारित शोध छात्रवृत्ति, प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र एवं रेलयान के आरक्षित शयनयान सामान्यश्रेणी/सामान्य बस का यात्राव्यय प्रदान किया जायेगा। उक्त के सम्बन्ध में पृथक् से सूचित किया जायेगा।
17. अर्ह प्रतिभागियों को आवेदन पत्र की मूल प्रति एवं उक्त वांछित समस्त स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संस्थानम् के कार्यालय में शोधछात्र वृत्ति प्राप्ति हेतु पंजीकरण के समय जमा करना व मूल प्रमाण पत्रों के साथ मिलान करते हुए सत्यापित कराया जाना अनिवार्य होगा तथा वांछित प्रेषित प्रमाण एवं मूल प्रमाण में असत्यता पाये जाने पर प्रतिभागी के अर्ह होने पर भी तत्काल शोधछात्र वृत्ति से वंचित किया जायेगा।
18. शोधछात्र वृत्ति योजना के अन्तर्गत ऐसे शोधछात्रों को शोधछात्रवृत्ति दिये जाने में वरीयता प्रदान की जायेगी, जो उत्तराखण्ड के परिप्रेक्ष्य में शोधकार्य कर रहे हैं।
19. शोधछात्रवृत्ति प्राप्ति के समय अर्ह प्रतिभागियों को पी–एच.डी. हेतु निर्धारित विषय/शीर्षक से सम्बन्धित 05 पृष्ठात्मक 01 शोधलेख संस्थानम् के कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य है। उक्त के बिना शोधछात्रवृत्ति दिया जाना सम्भव नहीं होगा।
20. शोध छात्रवृत्ति योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए समन्वयक संस्थानम् के शोध अधिकारी डॉ. हरीशचन्द्र गुरुरानी की चलवाणी संख्या– 9837149064 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार)
सचिव
उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्

उत्तराखण्ड-संस्कृत-संस्थानम्

(उत्तराखण्डसर्वकारः)

महर्षिवेदव्यास-संस्कृतशोधच्छात्रवृत्ति-योजना, वर्ष 2026-27

कृपया अत्र नूतनं छायाचित्रं संश्लेषणीयम्

आवेदन-पत्रम्

1. नाम.....(पुरुषः/महिला) जन्मतिथिः.....
2. पितुः नाम.....मातुः नाम.....
3. विभागः.....पी-एच.डी. पञ्जीयनसंख्या.....दिनाङ्कः.....राष्ट्रियता.....
4. पी-एच.डी. विषयः/शीर्षकम्.....
5. विश्वविद्यालय/महाविद्यालयनाम.....
6. विश्वविद्यालय (येन सम्बद्धः).....
7. चलवाणी.....अणुवाक्.....
8. वर्ग के सम्मुख चिह्नित करें ⟹

सामान्य	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	OBS	EWS

9. शैक्षिक योग्यता-

कक्षा	अनुक्रमांक	वर्ष	संस्था/ विश्वविद्यालय	विषय	प्राप्तांक	पूर्णांक	प्रतिशत
पूर्वमध्यमा/ हाईस्कूल							
उत्तरमध्यमा/ इण्टर							
शास्त्री/ बी.ए.							
आचार्य/ एम.ए.							
पी-एच.डी.				विषयः			
यू.जी.सी.नेट							
उत्तराखण्डराज्य स्लेट							

10. पत्राचार-सङ्केतः.....
.....
11. संस्कृतविभागाध्यक्षनाम.....चलवाणीसंख्या.....
12. निर्देशकनाम.....पदनाम.....
13. चलवाणीसंख्या.....अणुवाक्.....
14. निर्देशक/ विभागाध्यक्षद्वारा- **प्रमाणीक्रियते यत्** .....

संस्कृतविभागे पंजीकृतः शोधच्छात्रः अस्ति। अस्य शोधकार्यम्, आचरणं, व्यवहारश्च उत्कृष्टम् अस्ति। अतः संस्कृत-शोधछात्रवृत्तिं दातुम् अहं सहर्षं संस्तुतिं करोमि।

हस्ताक्षराणि	**हस्ताक्षराणि**	**हस्ताक्षराणि**
शोधछात्रस्य	शोधनिर्देशकस्य	विभागाध्यक्षस्य
पंजीयनसंख्या	मृदुमुद्रासहितम्	मृदुमुद्रासहितम्